Members are hereby given that pursuant to, the provisions of Section 110 and all other applicable provisions, if any, of the Companies Act ('the Act"), read together with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in force) ("Rules"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (the "SEBI Listing Regulations"), General Circular Nos. 14/2020 dated April 8, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, 20/2020 dated May 5, 2020, 22/2020 dated June 15, 2020, 33/2020 dated September 28, 2020, 39/2020 dated December 31, 2020, 10/2021 dated June 23, 2021, 20/2021 dated December 8, 2021, 3/2022 dated May 5, 2022 and 11/2022 dated December 28, 2022, 9/2023 dated 25th September, 2023 and latest being No. 9/2024 dated 19th September, 2024, issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India ("MCA Circulars"), Secretarial Standard on General Meetings ("SS-2") issued by the Institute of Company Secretaries of India, and any other applicable law, rules and regulations (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in force), the Company has on 18.11.2025 sent the electronic copies of Notice of Postal Ballot along with Explanatory Statement to all Members of the Company, who have registered their e-mail address with the Company/ Depositories as on 14.11.2025 being the cut-off date for seeking the approval of the Members, in respect of the Special Resolution contained in the Notice of Postal Ballot dated 14.11.2025 by voting through electronic means ("remote e-voting") only.

| Item No | Resolution | Type of Resolution |
|---|---|---|
| | **Special Business** | |
| 1 | Apponintment of Sri R Shanmugavelayutham (DIN 01205640) as an Independent Director | Special Resolution |

Pursuant to Rule 22(5) of the Rules, the Board of Directors of the Company have appointed CS R Dhanasekaran, Practicing Company Secretary (Membership Number FCS: 7070; COP: 7745) as the Scrutinizer for conducting the postal ballot (e-voting process) in a fair and transparent manner.

In accordance with the provisions of the MCA Circulars, Members can vote only through the remote e-voting process. Members whose names appear on the Register of Members/List of Beneficial Owners as on 14.11.2025 may cast their vote through e-voting only and a person who is not a Member as on the Cut-off date shall treat this Notice for information purpose only. The physical copies of the Notice, postal ballot forms and pre-paid Business Reply Envelopes are not being sent to Members for this Postal Ballot. Members are requested to provide their assent or dissent through e-voting only.

The Company has appointed MUFG Intime India Private Limited for facilitating e-voting to enable the members to cast their votes electronically (hereinafter referred to as the "Remote e-voting"). Members are requested to note that e-voting period commences on 19.11.2025 at 10.00 A.M. and ends on 18.12.2025 at 5:00 P.M. The remote e-voting module shall be disabled thereafter.

Members may please note that the Postal Ballot Notice is available on the Company's website at www.bannarimills.com, website of the Stock Exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com, National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com and on the website of MUGF Intime https://instavote.linkintime.co.in.

Members who have not received the Postal Ballot Notice may download it from the above-mentioned websites.

The result of the Postal Ballot will be declared not later than 2 (Two) working days of the conclusion of the Postal Ballot. The results of the Postal Ballot shall be posted on the Company's website viz. www.bannarimills.com and on MUFG Intime https://instavote.linkintime.co.in besides communicating to the BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited where the shares of the Company are listed.

If you have any queries or issues regarding e-voting from the MUFG Intime i.e InstaVote e-Voting System, you can write an email to enotices@linkintime.co.in or contact at Tel: 022 – 4918 6000. All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to M/s. MUFG Intime India Private Limited, Surya 35, May flower Avenue, Behind Senthil Nagar, Sowripalayam Road, Coimbatore 641 028.

**For BANNARI AMMAN SPINNING MILLS LIMITED**
**N KRISHNARAJ**
**Company Secretary**
**ACS 20472**

**Date : 18.11.2025**
**Place : Coimbatore**

Business Standard CAMPUS TALK — BS PROMOTIONS

## ICFAI HONOURED WITH THE IIRF EDUCATION IMPACT AWARD 2025

ICFAI Foundation for Higher Education (Deemed-to-be University) Hyderabad was honoured with the IIRF Education Impact Award 2025 for Research Innovation Advancement in Technology at the 8th Annual Industry-Academia Conclave in New Delhi. The Award was received by the Vice Chancellor (Incharge) of the ICFAI Foundation for Higher Education, Dr T Koti Reddy and Mr Srikanth Pothuri, Vice President. ICFAI Group Information Dept. Prof. G C Tripathi, former Vice Chancellor, Banaras Hindu University and Mr.M.Sekar, Director, Maction Consulting (Research Partner of IIRF Rankings) gave away the awards. The prestigious conclave was hosted over 200 eminent leaders from academia and industry featuring keynote addresses, expert panel discussions and interactive sessions led by Directors of IITs, IIMs and Vice Chancellors of reputed universities across the country. On this joyous occasion Vice Chancellor (Incharge) Dr Koti Reddy said "This recognition underlines our commitment to cutting-edge research, technological advancement and meaningful academia-industry collaboration, from pioneering projects to impactful industry collaborations". ICFAI continues to empower scholars, researchers and innovators to shape the future through meaningful research and technology-driven advancement." he added.



### लूट और चोरी की सनसनीखेज वारदातों को दे रहे अंजाम

# बड़ी 'गैंग' की कमर तोड़ी, अब नए उम्र के 'लड़के' कर रहे नाक में दम

### चार इमली जैसे अतिसुरक्षित जगहों को भी बना रहे निशाना

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

भोपाल शहर की अपराध की दुनिया में अब बड़े गुंडों और गैंग के दिन लद गए। संगठित अपराध का अलग से कानून बनने के बाद भोपाल की क्राइम ब्रांच और थानों की पुलिस ने शहर में सक्रिय 15 गैंग की कमर तोडक़र रख दी है। जुबेर मौलान समेत कई बड़े बदमाशों को जेल भेज दिया गया है तो बाकी पर कड़ी नजर रखकर उनको अपराध की दुनिया को तौबा करने को विवश कर दिया गया है। लेकिन इस पूरी कवायद के बावजूद शहर में अपराधों में कमी होती नहीं दिख रही है। इसकी वजह है कि नए लडक़ों का अपराध की दुनिया में आ जाना। पिछले दो महीनों में पुलिस ने जितनी भी बड़ी वारदातों का खुलासा किया है उनमें किसी गैंग का हाथ नहीं था बल्कि ऐसे युवकों ने उन्हें अंजाम दिया जिनका यह पहला अपराध ही था। अपराध की दुनिया में अपना नाम कमाने उतरे यह युवक अब पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। टीटी नगर पुलिस ने पिछले दिनों दो नाबालिग व फरदीन व फैज नाम के आरोपियों को दबोचा है। आरोपियों ने एक ही दिन में मोबाइल लूट की आधा दर्जन से ज्यादा वारदातों को



अंजाम दिया। शाहपुरा, बागसेवनिया, हबीबगंज व टीटी नगर इलाके में जो भी व्यक्ति सडक़ पर बात करते हुए तथा सडक़ पर चलते हुए दिखा उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया गया। पुलिस ने जिनको गिरफ्तार किया उनके खिलाफ पूर्व में कोई अपराध दर्ज नहीं थे। इसी तरह पिपलानी पुलिस ने विवेक नाम के एक युवक को नकली नोट के साथ दबोचा। वह उत्तरप्रदेश का रहने वाला है तथा यहां पर करोंद इलाके में किराए के मकान में रहता था। नकली नोट का कारोबार करने के दौरान वह पकड़ा न जाए इसलिए उसने अपने इस अपराध में किसी और को शामिल ही नहीं किया। वह करीब 6 लाख रुपए के नकली नोट खपा भी चुका था। वह नकली नोट वाली किसी भी गैंग का सदस्य नहीं था। इसके पूर्व पुलिस ने कोहेफिजा इलाके में कारोबारी के शादी वाले घर से लाखों रुपए के जेवर पार करने वाले फरहान नाम के युवक को दबोच लिया। उसके पास से 22 लाख रुपए का मशरूका बरामद भी किया गया लेकिन नकबजनी की दुनिया में उसका यह पहला ही अपराध ही बताया गया।

#### आईजी और उपमुख्यमंत्री के पीए का मोबाइल छीनने वाले भी रिकार्डशुदा नहीं

गत 23 सितंबर की रात आईजी डॉ. आशीष के हाथ से उस समय दो मोबाइल फोन छीन लिए गए जबकि वे डिनर के आद अपनी पत्नी के साथ चार इमली में ही अपनी घर के बाहर टहल रहे थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी आदित्य कंजोरिया व दो नाबालिगों को दबोचा। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले यह आरोपी किसी गैंग के सदस्य नहीं है। इसी तरह तुलसी नगर में रहने वाले उपमुख्यमंत्री के पीए सुधीर कुमार दुबे के हाथ से मोबाइल फोन छीनने वाले लडक़े भी अपराध की दुनिया में अपनी गैंग बनाने वाले दिखे न किसी गैंग के सदस्य।

#### वीएनएस में हैं यह प्रावधान

भारतीय न्याय संहिता की धारा-111 और 112 में संगठित अपराध सिंडीकेट (आपराधिक गैंग/गैंगस्टर्स) के विरूद्ध कठोर दंड के प्रावधान है। इसमें आजीवन कारावास तक की सजा एवं लाखों रुपए के जुर्माने के प्रावधान हैं। इन धाराओं में संगठित रूप से अपराध करने वाले अपराधियों (गैंग) के सदस्यों द्वारा लगातार विधि विरूद्ध क्रिया-कलाप, अपहरण, डकैती, वाहन चोरी, जबरन वसूली के लिये प्रताडऩा, भूमि हथियाना (भूमाफिया), ठेके पर हत्या करना (सुपारी किलिंग), आर्थिक अपराध, साय बर अपराध, व्यक्तियों, औषधियों, हथियारों, अवैध माल या सेवाओं के दुर्व्यापार, वैश्यावृत्ति या फिरौती के लिए दुर्व्यापार, चोरी, छल और धोखाधड़ी, जुआ खेलने, विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का विक्रय करना। साथ ही अन्य अपराध शामिल हैं। इनमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुडे अपराधी भी शामिल हैं।

#### क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट ने कसा शिकंजा

इस खास इन्टेलिजेंस यूनिट का गठन क्राइम ब्रांच भोपाल के एक वरिष्ठ अधिकारी नेतृत्व में किया गया है। इस यूनिट के पास शहर में सक्रिय रहे 15 गैंग के सदस्यों की जानकारी है। इन अपराधियों द्वारा तथा इनके प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोगियों के आपराधिक काम से कौन-कौन सी चल-अचल संपत्ति अर्जित की गई है, इसका लेखा-जोखा भी अब पुलिस के पास है। यूनिट द्वारा आर्थिक अपराध, भूमाफिया, सायबर अपराधों और जुआ, सट्टा संचालित करने वाले ऐसे संगठित अपराधियों जो भोपाल के साथ-साथ प्रदेश, देश अथवा विदेश में रहकर देश में जुआ, सट्टा खिलाते हैं, उन पर तकनीकी माध्यमों से पैनी निगाह रखी जा रही है। साथ ही उनका नेटवर्क ध्वस्त किया गया है। संगठित अपराधियों से निपटने के लिए सरकारी विभागों जैसे रजिस्ट्रार, बैंक, राजस्व, शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड्स, आईसीजेएस, सीसीटीएनएस, एनसीआरबी इत्यादि से जानकारी संकलित कर सफेद पोश, सिंडिकेट के अपराधियों पर नकेल कसेगी। दहशत का पर्याय बन चुके जुबेर मौलाना, अरशद बब्बा, अज्जू शूटर जैसे गैंगस्टर के नाम क्राइम ब्रांच की कार्रवाई के बाद गायब होने लगे हैं। अधिकांश गैंगस्टर तो इस समय जेल में ही बंद है और जो बाहर हैं भी क्राइम ब्रांच उनकी दैनिक गतिविधियों पर नजर रखे हुए है जिसकी वजह से वे अपराध को अंजाम देने से बच रहे हैं।

### लोगों को जागरुक करेगा प्रशासन

## एसआईआर गणना पत्रक भरने के तरीके बताएगी कलेक्टर की टीम

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल



एसआईआर के काम में तेजी लाने के लिए अब कलेक्टरों की टीम लोगों के गणना पत्रक भरने के तरीके भी बता रही है। इसको लेकर राजनीतिक दलों के साथ भी गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया को साझा करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में भोपाल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज के सभागार में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में कलेक्टर सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की जानकारी साझा करते हुए जनजागृति की जरूरत बताई। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गणना प्रपत्र सही ढंग से भरकर समय पर बीएलओ को देना हर जिम्मेदार नागरिक और कर्मचारी का दायित्व है। उन्होंने संबंधितों को जन-सहभागिता बढ़ाने और जागरुकता के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बीएलओ को सहयोग देने के लिए मतदाता सूची की फोटो कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है जिससे डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी आ सके। कलेक्टर सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा कर उनसे अपील की कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग दें तथा मतदाता सूची सटीक बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाएं ताकि सौ फीसदी एक्चुअल डेटा आ सके। कलेक्टर सिंह ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से सहयोग प्रदान कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### अशोका गार्डन में रजाई की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में मंगलवार को रजाई-गद्दे की दुकान और गोदाम में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं तथा करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी से लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार घटना अशोका गार्डन थाने और मयूर अस्पताल के पास हुई। मुख्य सडक़ किनारे पर ही एक रूई के गद्दे और रजाई की दुकान है। दोपहर में यही पर आग लग गई, जो कुछ ही देर में भीषण हो गई। बोगदा पुल, गोविंदपुरा, फतेहगढ़ और कबाडख़ाना फायर स्टेशन से चार दमकलें मौके पर पहुंची। दूसरी ओर, लोग भी आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। खासी मशक्कत के बाद आग काबू में आ सकी। प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगना सामने आया है।

## देहातों में चोर सक्रिय, खेतों से पार कर पानी के मोटर पंप; पुलिस कर रही धरपकड़

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

इन दिनों पूरे प्रदेश में ही खेत में रवि की फसलों को पानी देने का का किया जा रहा। किसान मोटर पंप के चरिए कुआं, नहर अथवा अन्य स्त्रोत से पानी खींचते हैं तथा खेत में देते हैं। इसी दौरान सबसे चोर भी सक्रिय हो जाते हैं तथा रात के समय खेतों से पानी की मोटर पार कर देते हैं। सभी जिलों की पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि देहातों से मोटर चोरी की शिकायतों को गंभीरता से लेकर जांच करें। इसी कड़ी में जिलों में मोटर पंप चोरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। किसानों द्वारा सिंचाई कार्य के लिए उपयोग की जा रही मोटर पंप की चोरी की घटनाओं के मद्देनजर पूरे प्रदेश में विशेष सतर्कता और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने त्वरित



प्रभावी कार्रवाई करते हुए सक्रिय चोरी गिरोहों का पर्दाफाश किया तथा कुल 22 मोटर पंप और अन्य संपत्ति बरामद करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सतना जिले की कोठी पुलिस ने लगातार हो रही मोटर पंप चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की। घटनास्थलों की बारीकी से जांच, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर एक सक्रिय गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर कुल 12 मोटर पंप बरामद किए गए, जो किसी एक जिले में की गई सबसे बड़ी बरामदगी है। इसी कड़ी में राजगढ़ पुलिस ने किसानों की मोटर चोरी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई कर तकनीकी विश्लेषण और गोपनीय सूचना के आधार पर 5 आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी गई 8 मोटरें और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। खरगोन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मोटर पंप चोरी का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर 2 मोटर पंप बरामद किये गये। पुलिस ने किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों में लगे मोटर पंपों की सुरक्षा के लिए उचित एहतियाती उपाय करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### सरकारी स्कूल का प्राचार्य कर रहा था महिला शिक्षिका से छेड़खानी

**भोपाल।** सरकारी स्कूल का प्राचार्य कई दिनों से से अपने ही स्कूल की महिला शिक्षक को परेशान कर रहा था। जानकारी के अनुसार आरोपी प्राचार्य का कहना है कि देरी से स्कूल आने पर वह महिला को टोकता था। इसलिए उसके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय महिला नजीराबाद इलाके के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका है। जबकि आरोपी आरके शुक्ला प्राचार्य हैं। महिला ने थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी कि 1 अप्रैल से स्कूल के प्राचार्य राकेश कुमार शुक्ला उनके साथ अश्लील करते हुए प्रताड़ित कर रहे हैं। इतना ही नहीं उन्हें बात नहीं मानने पर अलग-अलग तरीकों से परेशान भी किया जा रहा था। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने प्राचार्य आरके शुक्ला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।

### डीजीपी ने प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों को दिया मार्गदर्शन

## टीम की सामूहिक शक्ति ही प्रशासनिक सफलता की वास्तविक कुंजी : मकवाणा

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल



राज्य प्रशासनिक सेवा के 24 परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से सौजन्य भेंट की। यह मुलाक़ात केवल औपचारिक परिचय तक सीमित नहीं रही, बल्कि प्रशासनिक सेवा के भावी नेतृत्वकर्ताओं के लिए अनुभव, दृष्टि और मूल्यों का समृद्ध आदान-प्रदान बन गई। पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने अधिकारियों से संवाद करते हुए प्रशिक्षण अवधि को भविष्य की कार्यशैली का सबसे मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी का वास्तविक मूल्य उसके व्यवहार, आचरण और नागरिकों के प्रति अपनाए गए दृष्टिकोण से निर्धारित होता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि नेतृत्व का सार अधिकार के प्रदर्शन में नहीं, बल्कि विनम्रता, धैर्य और सेवा-भाव से उत्पन्न होता है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को सलाह दी कि वे अपने अधीनस्थ अमले से सीखने की मनोवृत्ति रखें, क्योंकि टीम की सामूहिक शक्ति ही प्रशासनिक सफलता की वास्तविक कुंजी है।

उन्होंने ने यह भी कहा कि जनता से जीवंत संपर्क बनाए रखना किसी भी अधिकारी के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जब अधिकारी स्वयं लोगों के बीच रहते हैं, उनकी चिंताओं को सुनते हैं और उनके दृष्टिकोण को समझते हैं, तभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी बन पाता है। उन्होंने बस्तर, नीमच और मंदसौर जैसे जिलों में रहते हुए अपने अनेक प्रशासनिक अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा वे तत्व हैं जो जनता के मन में विश्वास उत्पन्न करते हैं और दोनों संस्थाओं— पुलिस एवं प्रशासन को मजबूत बनाते हैं।

**हर निर्णय पर हो सजगता और शालीनता:** मीडिया की सक्रियता का उल्लेख करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आज का प्रशासनिक वातावरण पूरी तरह पारदर्शिता पर आधारित है, इसलिए हर निर्णय में सजगता, शालीनता और संवेदनशीलता आवश्यक है। उन्होंने आईटी युग की संभावनाओं पर भी चर्चा की और कहा कि तकनीक का समझदारी से उपयोग न केवल कार्यों की गति बढ़ाता है, बल्कि प्रशासनिक दक्षता और जवाबदेही को भी सुदृढ़ करता है। पुलिस और अन्य विभागों के मध्य समन्वय की महत्ता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह तालमेल ही कानून-व्यवस्था की सुचारु और स्थिर संरचना का आधार है। कार्यक्रम के दौरान आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी की कोर्स समन्वयक रुचि जैन, सहायक संजय श्रीवास्तव, पीएसओ टू डीजीपी विनीत कपूर, एसओ टू डीजीपी मलय जैन सहित प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, श्रीमति अंकिता गंगेले पत्नी श्री शरद गंगेले, आयु वयस्क, निवासी म.नं. 204, एस.एन. एच (सहज निशी होम्स), दानिश एनेक्सी, कोलार रोड, भोपाल म०प्र०-462042 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि

मेरा विवाह दिनांक 11 जून 2015 को श्री शरद गंगेले के साथ हिन्दू रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ है। मेरा नाम विवाह से पूर्व कु० अंकिता शर्मा पुत्री श्री अनिल शर्मा था परन्तु विवाहोपरांत मेरा नाम श्रीमति अंकिता गंगेले पत्नी श्री शरद गंगेले हो गया है अब मैं इसी नाम से जानी पहचानी जाती हूँ तथा इसी के अनुसार हस्ताक्षर करती हूँ। मेरी अंकसूची, प्रमाण पत्र एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम अंकिता शर्मा पुत्री श्री अनिल शर्मा लिखा हुआ है। मेरे आधार कार्ड एवं निर्वाचन कार्ड एवं SSMID में मेरा नाम अंकिता गंगेले एवं मेरे पति का नाम शरद गंगेले लिखा हुआ है। अतः भविष्य में मुझे अंकिता गंगेले पति शरद गंगेले के नाम से जाना जाएगा

**कार्यालय नगर परिषद् रेहटी, जिला सीहोर (म.प्र.)**

क्रमांक 1352/न.प./2025 — रेहटी, दिनांक 18/11/2005

**अभिरुचि का प्रदर्शन**

नगर परिषद् रेहटी जिला सीहोर को अमृत 2.0 के अमृत नित्र पहल योजनांतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओ को नगरीय प्रशासन एवं विकास मोपाल के पत्र कमांक K-1611/1/2024-AMRUT-Part [2]/9182902 दिनांक 29.11.2025 भारत सरकार द्वारा निकाय रेहटी की अमृत 2.0 परियोजना स्वकृति की गयी है। तत्संबंध ने निकाय रेहटी से डे एन यू एल एम योजनांतर्गत गवित स्व सहायता समूह की महिलाओं को वृक्षारोपण एवं रख रखाव कार्य करने के इच्छुक स्व सहायता समूह से निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र एवं प्रारूप निकाय स्थल डेएनयूएलएम शाखा से निशुल्क प्राप्त किये जा सकते है। एवं पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित सील बंद लिफाके में दिनांक 18.11.2025 से दिनांक 01.12.2025 तक कार्यलयीन समय पर प्राप्त किये जायेगें। एव दिनांक 30.11.2025 को दोपहर सभी के समक्ष खोले जायेगें। इस कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते डे एन यू एल एम शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् रेहटी जिला - सीहोर

**3बी ब्लैकबायो डीएक्स लिमिटेड**
(पूर्व में– किल्पेस्ट इंडिया लिमिटेड)
सीआईएन: 24211MP1972PLC001131
पंजीकृत कार्यालय: 7-सी, औद्योगिक क्षेत्र, गोर्विंदपुरा, भोपाल–462023
ईमेल: info@kilpest.com, वेबसाइट: www.kilpest.com
फ़ोन: (91-755) 2586536 2586537

**सूचना**

भौतिक शेयरों के स्थानांतरण अनुरोधों के पुनः दाखिल के लिए विशेष विंडो सेबी के दिनांक 02 जुलाई, 2025 के परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 के अनुसरण में कंपनी एक बार के लिए विशेष विंडो प्रदान करते हुए प्रसन्न है। भौतिक शेयरधारक शेयरों के हस्तांतरण के लिए पुनः आवेदन जमा कर सकते हैं। यह विशेष विंडो 7 जुलाई 2025 से 6 जनवरी 2026 तक खुली रहेगी और विशेष रूप से उन मामलों पर लागू होगी जो 1 अप्रैल 2019 की समय सीमा से पहले दर्ज किए गए थे और मूल शेयर हस्तांतरण को दस्तावेज़ों में कमियों के कारण अस्वीकार कर दिया गया था/वापस कर दिया गया था/उस पर ध्यान नहीं दिया गया था, या किसी अन्य कारण से संसाधित नहीं किया गया था। इस विंडो के दौरान हस्तांतरण के लिए पुनः जमा किए गए शेयरों को केवल डीमैट रूप में ही संसाधित किया जाएगा ।

पात्र शेयर धारक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना स्थानांतरण अनुरोध कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को एड्रोइट कॉर्पोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेडए 17-19 जाफर भाई औद्योगिक एस्टेट प्रथम तल मकवाना रोड मरोल नाकाए अंधेरी (पूर्व) मुंबई 400059, भारत में निर्धारित समय के भीतर जमा कर सकते हैं। दूरभाष: +91 022 42270400 ईमेल: info@adroitcorporate.com वेबसाइट: adroitcorporate.com।
नोट: सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी/आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपनी ईमेल आईडी (आईडी) अपडेट करें।

स्थान: भोपाल
दिनांक: 18.11. 2025

3बी ब्लैकबायो डीएक्स लिमिटेड (पूर्व में– किलपेस्ट इंडिया लिमिटेड)
निखिल कुबेर दुबे
पूर्ण कालिक निदेशक
डिन न.: 00538049

## पार्सल से आई बदबू, मानव अंग की अफवाह से मची सनसनी

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

आईएसबीटी स्थित पार्सल कार्यालय में रखे पार्सल से बदबू आने से हडक़ंप मच गया। इस पार्सल से तेज बदबू आ रही थी। बस अड्डे पर मौजूद यात्रियों व दुकानदारों ने पार्सल को संदिग्ध मानते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया और तरह-तरह की अफवाहें उडऩे लगीं। कोई मानव अंग बता रहा था, तो कोई कुछ और, मौके पर पहुंची गोविंदपुरा पुलिस ने पार्सल को खोलकर जांच की तो सच्चाई सामने आई कि पार्सल में प्रिजवर्ड पिग टिश्यू थे, जो एक निजी कंपनी के लैब में टेस्टिंग के लिए भेजे जा रहे थे। इसके बाद कंपनी के भोपाल स्थित स्थानीय प्रतिनिधि को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने सभी दस्तावेज और एक्साइज लेटर दिखाया कि ये लैबोरेट्री टेस्टिंग के लिए पिग टिश्यू सैंपल हैं। सब कुछ वैध होने के कारण सैंपल उन्हें वापस सौंप दिए गए हैं। प्रतिनिधि ने भी पुलिस के सामने स्पष्ट किया कि ये टिश्यू बेबी प्रोडक्ट्स की सेफ्टी टेस्टिंग के लिए लैब भेजे जा रहे थे और पूरी तरह कानूनी हैं। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कोई अपराध नहीं हुआ है और जांच पूरी होने के बाद पार्सल कंपनी को सौंप दिया गया। अफवाहों पर विराम लगाते हुए थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि बिना जांच-पड़ताल के सोशल मीडिया पर कुछ भी शेयर न करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद झाबुआ जिला झाबुआ म.प्र.**

क्रमांक / न.पा./.5084/2025 — झाबुआ, दिनांक 13/11/2025

**"अभिरूचि का प्रदर्शन (Expression of Interest)"**

भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र क्रमांक 16011/1/2024 AMRUT दिनांक 07.02.2024 द्वारा अमृत 2.0 एवं डे-एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में महिला स्व-सहायता समूह को अमृत मित्र के रूप में चयन कर विभिन्न तकनीकी / गैर-तकनीकी कार्य कराये जाने के विस्तृत दिशा-निर्देश एवं SOP निर्गत किये हैं।
भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं से ₹अमृत मित्र₹ के रूप में वूमनफार ट्री परियोजना का क्रियान्वयन करवाया जाना हैं। सकीय एवंपंजीकृत स्व-समुहो से सिलबंद फिफाफे में निर्धारित प्रारूप में आवेदन / निविदाएँ दिनांक 13.11.2025 से 28.11.2025 तक सांय 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं ।

| क्रमांक | कार्य का नाम | निकाय से आवेदन प्रारूप प्राप्त करने की दिनांक | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | वूमन फारट्री परियोजना, अमृत 2.0 योजनान्तर्गत | 14.11.2025 से 27.11.2025 | 28.11.2025 |

नोटः
1. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 28.11.2025 को सांय 5:30 बजे खोली जावेगी ।
2. विस्तृत विवरण एवं शर्ते कार्यालयीन समय में नगर पालिका झाबुआ की शहरी आजीविका मिशन शाखा में देखी जा सकती है।
3. आवेदनकर्ता समूह को अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में ही जमा करने होंगे। सशर्ते EOI आवेदन निरस्त किये जावेगें ।
4. कोई भी प्रस्ताव अपूर्ण होनेकी स्थिति में निरस्त किया जावेगा ।
5. निर्धारित दिनाक एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद झाबुआ

Search

Home | My Network | Jobs | Messaging

# 3B BlackBio Dx Limited

4,154 followers

+ Create

View as member

- Dashboard
- Page posts
- Analytics
- Feed
- Activity
- Inbox
- Edit Page

- Jobs
- Events

- Premium features
- Advertise today
- Invite to follow
- Settings

## Page posts

Manage your page's organic and paid content

Published | Page ads | Employee ads

Start a post

Video | Photo | Write article

Get up to 2,500 more clicks by boosting this post. | Boost

By Isha Chhabra • 11/19/2025

**3B BlackBio Dx Limited**

4,154 followers

Visit website

now •

Important Notice to Shareholders - Special Window for Re-lodgement of Transfer Requests of Physical Shares ...more

3B BlackBio Dx Ltd.

**3B BLACKBIO DX LIMITED**

**NOTICE**

**Special window for Re-lodgement of Transfer Requests of Physical Shares**

**This special window is open from July 7, 2025 to January 6, 2026**

**NOTE:**

**FOR 3B BLACKBIO DX LIMITED (FORMERLY, KILPEST (INDIA) LIMITED)**

**PLACE: BHOPAL**